तापमान

अधिकतम 36.2 डिग्री

न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 19 मई 2025

12 सात दिवसीय हिमालय वुड बैज लीडर प्रशिक्षण...



12 बड़गांव में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ...





**खबर संक्षेप**

### जेसीबी ड्राइवर के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली के मेदनीपुर में अतिक्रमण हटाने के दौरान जेसीबी में तोड़फोड़ और ड्राइवर के साथ मारपीट किए जाने के मामले में बसना थाने में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी विकास यादव निवासी ग्राम बामडाडीह ने बताया कि वह चनौरडीह के अश्वनी प्रधान का जेसीबी चलाता है। 16 मई को सरायपाली के मेदनीपुर में तेजराम प्रधान की जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए किराये पर जेसीबी लेकर गया था। कब्जा हटाते समय गांव के अमित साहू, गंगाधर साहू, बलोचन साहू, सत्यानंद यादव एवं अन्य लोग आये और हमारे मकान को क्यों तोड़ रहे हो कहकर सभी ने एकराय होकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए डंडा और पत्थर से मेरे जेसीबी के कांच में तोड़फोड़ की और इस दौरान अमित साहू ने हाथ में रखे पत्थर से मार सिर पर मार दिया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 324(4), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### नगर पालिका के ड्राइवर से मारपीट

**महासमुंद।** टैंकर से पानी सप्लाई कर रहे नगर पालिका के ड्राइवर के साथ एक व्यक्ति ने मारपीट कर दी। पुलिस को प्रार्थी धनेश्वर साहू निवासी ग्राम शेर ने बताया कि वह नगर पालिका महासमुंद में ड्रायवर के पद पर डेलीवेजेस में कार्यरत है। 17 मई को उसकी ड्यूटी नयापारा, इमलीभांठा में पानी सप्लाई के लिए लगाई गई थी। इस दौरान वह वार्ड नंबर 06 आंगनबाड़ी के पास ट्रैक्टर को खड़ा कर मोहल्ले वालों को पानी वितरण कर रहा था। रात करीबन 10:30 बजे आरोपी मूलचई चंद्राकर ट्रैक्टर के पास आया और गाली गलौज करते हुए बोला कि तुम लोग हम लोगों को पानी नहीं दे रहे हो, इस पर उसने कहा कि पानी खत्म हो गया है। फिर आरोपी ने ज्यादा होशियार बनता है कहकर हाथ मुक्का से मारपीट की। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।



## एडीईओ टेस्ट, 138 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) परीक्षा 2025 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा विनय कुमार लंगेह कलेक्टर के मार्गदर्शन में संचालित नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ सहायक विकास विस्तार अधिकारी परीक्षा के लिए 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में दूसरा टेस्ट का आयोजन किया गया।

जारी विज्ञप्ति में डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में रविवार को दूसरा टेस्ट पेपर एडीईओ संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट- 02 हुआ। जिसमें कुल 100 नंबर का पेपर हुआ। इसमें भारत का सामान्य अध्ययन, छत्तीसगढ़ का सामान्य अध्ययन, आजीविका संबंधित योजनाओं की जानकारी, पंचायती राज की जानकारी, ग्रामीण विकास की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी, सामान्य हिंदी आदि के 100 प्रश्न पूछे गए थे। दूसरा टेस्ट पेपर में नवकिरण कोचिंग और ग्रंथालय में अध्ययनरत 76 परीक्षार्थियों और अन्य एडीईओ परीक्षा की तैयारी करने वाले 62 परीक्षार्थियों कुल 138 परीक्षार्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया।

### एडीईओ टेस्ट सीरीज के लिए प्रतिभागियों का उत्साह

एडीईओ टेस्ट सीरीज के लिए प्रतिभागियों का उत्साह देखा जा रहा है। 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में तीसरा टेस्ट मेगा टेस्ट – 03 आगामी 25 मई 2025, रविवार को आयोजित किया जाएगा, जो पुनः एडीईओ परीक्षा के संपूर्ण पाठ्यक्रम पर आधारित रहेगा। साव ने बताया कि आगे आयोजित होने वाले टेस्ट में तैयारी करने वाले और छत्तीसगढ़ सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक परीक्षार्थी जानकारी प्राप्त करने और पंजीयन कराने कार्यालय नवकिरण अकादमी में आकर संपर्क कर सकते हैं।

**बड़ी कार्रवाई : चार एलपीजी टैंकर, दो पिकअप वाहन, 130 सिलेंडर जब्त**

## टैंकर से एलपीजी निकालकर सिलेंडर में भरने वाले गिरोह के 8 लोग गिरफ्तार







हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एलपीजी टैंकर से गैस चोरी कर कमर्शियल सिलेंडर में भरने वाले गिरोह के 08 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में गैस से भरे 04 टैंकर, 02 पिकअप वाहन में लदे 130 नग एलपीजी कमर्शियल सिलेंडर को जब्त कर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3,7 एवं 287, 3(5) के तहत कार्रवाई की गई है।

महासमुंद पुलिस को सूचना मिली थी कि एलपीजी टैंकर से अवैध रुप से गैस निकालकर कमर्शियल सिलेंडर भरने का काम चल रहा है। सूचना पर पटेवा पुलिस ने एनएच 53 पर चिरको में नवनिर्मित कॉलेज के पास स्थित ढाबा से 100 मीटर अंदर दबिश देकर वहाँ से 04 एलपीजी से भरे टैंकर वाहन क्रमांक एनएल 01 ए 4092, एनएल 01 एए 3999, एनएल 01 एन 7359, एनएल 01 एन 9746 और 02 पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 पीजेड 9485, सीजी 04 पीटी 3575 में 130 नग एलपीजी कमर्शियल सिलेंडर जब्त करने के साथ 08 लोगों को गिरफ्तार किया।





मिली जानकारी के अनुसार चारों एलपीजी टैंकर पारादीप ओडिशा से सिलतरा रायपुर जाना था। ये सभी एलपीजी टैंकर इंडेन कंपनी के है और एक टैंकर में लगभग 17 टन एलपीजी भरा था। ये लोग एक एलपीजी कमर्शियल सिलेंडर को एक हजार रुपये में भरकर देते थे। 130 नग एलपीजी कमर्शियल सिलेंडर भारत कंपनी के हैं, जिनमें 19 किलो एलपीजी भरा होता है और बाजार में जिसकी कीमत लगभग 19 सौ रुपए है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय ने बताया कि पुलिस ने चार एलपीजी कैप्सूल, दो पिकअप पर लदे 130 नग कमर्शियल सिलेंडर के साथ 8 लोगों को थाना लाकर पूछताछ शुरू की है। पूछताछ के बाद आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## अधिकांश लाइटें बंद, कहीं पोल गिरा तो कहीं खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मेडिकल कॉलेज से नदी मोड़ तक

- खनिज न्यास मद के 1.20 करोड़ रुपए की लागत से कराया गया था काम



एनएच- 353 सड़क की दोनों ओर, महानदी पुल से घोड़ारी ओवरब्रिज तक डीएमएफ मद से करोड़ों की लागत से लगाए गए स्ट्रीट लाइट, खंभे अब शो-पीस बनकर रह गए हैं। इन रास्तों पर लगी स्ट्रीट लाइटों में अधिकांश लाइटें बंद पड़ी है जिससे पोल, लाइट लगने के बाद भी सड़क पर अंधेरा रहता है।

बता दें कि मेडिकल कॉलेज से नदी मोड़ तक 8 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटना और लूटपाट पर लगाम लगाने तत्कालीन कलेक्टर प्रभात मलिक ने विशेष रूचि दिखाते हुए रास्ते का अंधेरा दूर करने खनिज न्यास मद से 1.20 करोड़ रुपए स्वीकृत किया था। जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज से नदी मोड़ तक सड़क की दोनों ओर लगभग 8 किलोमीटर तक 430 पोल लगाए जाने थे जिसमें से किसानों के विरोध के बाद कुछ पोल नहीं लगाए जा सके। किन्तु अधिकांश पोल लगाए जाने के बाद मार्ग दूधिया रोशनी से जगमगा गया। लभरा खुर्द से नदी चौक घोड़ारी तक अधिकांश लाइट बंद है। शुरूआत में लाइट जरूर जली, किन्तु बाद में बिगड़ने से सुधार नहीं किया गया। बेलसोंडा, साराडीह मोड़ के पास केबल खराब हुए हैं, उसे बदला नहीं गया है। बालाजी फ्यूल्स के पास पोल गिरा है, जिसे सुधारा नहीं गया है। पूर्व कलेक्टर प्रभात मलिक के रहते तक इस पर काम चला, उनके ट्रांसफर के बाद यह काम भी बंद हो गया। बताते हैं कि इस कार्य के लिए जारी राशि खर्च की जा चुकी है।

### अक्सर होती है सड़क दुर्घटना और लूटपाट

मालूम हो कि नदी मोड़ से मेडिकल कॉलेज के बीच अंधेरा होने कारण दुर्घटनाओं के साथ ही लूटपाट हो चुकी है। लोगों की मानें तो इन लाइटों को लगे डेढ़ साल बीत चुके हैं, लेकिन अब तक इन्हे सुधारा नहीं गया है। बिजली खंभों की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है। कुछ तो पहले ही गिर चुके हैं। इससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। वहीं पहले की तरह हमेशा दुर्घटना और लूटपाट का डर बना रहता है।

## राष्ट्रीय कूडो चैंपियनशिप कप में जिले के 3 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**महासमुंद।** 16 से 21 मई तक पुणे बॉयज मिलिट्री स्कूल पुलगांव में आयोजित होने वाली तृतीय राष्ट्रीय कूडो चैंपियनशिप कप में जिले के 3 खिलाड़ी भाग लेंगे। महासमुंद से महिला वर्ग 240 में मीरा पंडा, पुरुष वर्ग में 260 में उपेंद्र प्रधान, 240 वर्ग में राकेश साहू छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए मेडल के लिए दावेदारी करेंगे। छत्तीसगढ़ से 62 खिलाड़ियों ने इस राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लिया है। महासमुंद के जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार धृतलहरे ने बताया कि महासमुंद जिले में निरंतर कूडो खेल में खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर राज्य को मेडल दिलाकर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। इस खेल में खिलाड़ियों को दक्ष बनाने के लिए जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण द्वारा भी समय-समय पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है। यह खेल भारत सरकार से मान्यता प्राप्त खेल है। साथ ही खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन में भी शामिल हैं। जिससे राज्य सरकार भी विजेता खिलाड़ियों को नकद राशि से सम्मानित करती है।

## प्रधानमंत्री जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले के 308 ग्रामों में लगेंगे विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महासमुंद जिले के आदिवासी बहुल ग्रामों में समग्र विकास की दिशा में एक विशेष पहल करते हुए केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान (धरती-आबा) के अंतर्गत 15 जून से 30 जून 2025 तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिले के पाँचों विकासखंडों के कुल 308 ग्रामों में ये शिविर लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से केंद्र सरकार के 18 मंत्रालयों की 25 जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों को प्रदान किया जाएगा।

विकासखंडवार चयनित ग्रामों में महासमुंद के 25, बागबाहरा के 33, पिथौरा के 210, बसना के 24 और सरायपाली के 16 ग्राम शामिल हैं। शिविरों के माध्यम से आधार कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, राशन कार्ड, उज्वला योजना, जाति और निवास प्रमाण पत्र, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाता, स्वास्थ्य और जीवन बीमा, वृद्धावस्था और विधवा पेंशन जैसी योजनाओं के लाभ प्रदान किए जाएंगे। साथ ही मोबाइल मेडिकल यूनिट, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र, छात्रावास, हर घर नल से स्वच्छ जल, पक्की सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं भी पहुँचाई जाएंगी। जिले के तीन विकासखंडों के 77 चिन्हांकित ग्रामों में निवासरत लगभग 3271 कमार जनजाति के लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अब तक 3192 आधार कार्ड, 2752 आयुष्मान कार्ड, 3271 राशन कार्ड, 2484 जाति प्रमाण पत्र और 2556 बैंक खाते बनाए जा चुके हैं। विकासखंड महासमुंद के पीवीटीजी ग्राम धनसुली एवं विकासखंड बागबाहरा के ग्राम जोरातराई में दो बहुद्देशीय केंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है, जो अब पूर्णता की ओर हैं।

वहीं विकासखंड पिथौरा के ग्राम भिथिडीह में एक नए आंगनवाड़ी केंद्र की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिसका संचालन जून माह से प्रारंभ किया जा रहा है।कुल 77 ग्रामों में से 26 ग्राम ऐसे थे, जहाँ पहुंच मार्ग उपलब्ध नहीं था। इन ग्रामों का चिन्हांकन कर ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, जिनमें से 4 ग्रामों में कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अतिरिक्त, 62 ग्रामों के 330 परिवारों की पहचान की गई, जिनके पास बिजली कनेक्शन नहीं था। इन सभी परिवारों को अब बिजली कनेक्शन प्रदान कर दिया गया है। साथ ही सभी परिवारों को नल कनेक्शन से जोड़ने का कार्य भी प्रगति पर है। जिला एवं विकासखंड स्तर पर समितियाँ गठित कर निगरानी की जा रही है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह स्वयं समीक्षा कर रहे हैं। आदिवासी विकास विभाग इन योजनाओं के लिए नोडल विभाग नियुक्त किया गया है, और इन योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए हैं। यह अभियान आदिवासी समुदायों के जीवनस्तर को ऊपर उठाने और शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है।

**नगर पालिका के सामने नंबर एक का पायदान बनाए रखने की चुनौती**

## स्वच्छता सर्वे के लिए इसी सप्ताह दिल्ली से आएगी टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्वच्छता रैंकिंग में टॉप पर आने के

- स्वच्छता सर्वे के लिए इसी सप्ताह दिल्ली की टीम देगी दस्तक, शहर में प्रतिदिन 13 टन निकलता है कचरा

लिए नगर पालिका टीम ने तैयारी शुरू कर दी है। वार्डों में सफाई अभियान पर फोकस किया जा रहा है। बताया जाता है कि इसी सप्ताह दिल्ली की टीम स्वच्छता सर्वे के लिए दस्तक दे सकती है। शहर में जगह-जगह दीवार लेखन किया जा रहा है। लोगों से शहर को स्वच्छ बनाए रखने की अपील भी की जा रही है।

बता दें कि बीते दिनों सब्जी बाजार में नगर पालिका की टीम ने निरीक्षण किया। व्यापारियों से आस-पास को साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए थे, पर सफाई की व्यवस्था नहीं सुधर पाई है। जगह-जगह कचरा बिखरा हुआ है और नालियां भी जाम हो गई हैं। डस्टबिन गायब हैं। केवल ढांचा ही नजर आ रहा है।

सर्वेक्षण के दौरान स्वच्छता टीम कई मानकों पर सर्वे व फीडबैक लेती है। इसमें खासकर ओडीएफ प्लस, सफाई, शौचालयों, पेयजल सुविधाएं, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, कचरा निस्तारण का आंकलन किया जाता है। लोगों से फीडबैक भी लिए जाते हैं। इसकी रिपोर्ट तैयार की जाती है। बाद पूरे देश में एक साथ रैकिंग की घोषणा की जाती है और पुरस्कार भी प्रदान किया जाता है। महासमुंद को 50 हजार से एक लाख तक की आबादी वाली श्रेणी में नंबर एक का स्थान मिला था। नंबर एक का स्थान बनाए रखना ही नगर पालिका के लिए इस बार सबसे बड़ी चुनौती है। मिशन क्लीन सिटी के स्वच्छता प्रभारी नौशाद बक्श ने बताया कि इस सप्ताह टीम दस्तक दे सकती है। प्रतिदिन शहर में 13 टन कचरा निकलता है। इसमें 6 टन सूखा कचरा और सात टन गीला कचरा होता है। 6 टन सूखे कचरे में ही प्लास्टिक कचरा सबसे ज्यादा होता है। स्वच्छता कर्मी प्लास्टिक का कचरा एकत्रित कर छंटाई करते हैं। शहर में सफाई के लिए 117 सफाई कर्मचारी लगे हुए हैं। महिलाएं भी डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करती हैं।



### प्रसाधनों में पसरी गंदगी

सार्वजनिक प्रसाधनों की सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नगर पालिका द्वारा जगह-जगह सार्वजनिक प्रसाधन बनाए गए थे, जिसमें वॉश बेसिन व अन्य सुविधाएं प्रदान की गई थी। देखरेख नहीं होने से गंदगी पसरी पड़ी है।

### नियमित सफाई नहीं

प्लास्टिक पर फिलहाल कोई अभियान नहीं चल रहा है। कुछ दिन प्लास्टिक पर कार्रवाई की जाती है। बाद फिर से प्लास्टिक कैरीबैग चलन में आ जाते हैं। शहर में जगह-जगह प्लास्टिक बिखरे पड़े हुए हैं। जिसकी नियमित रूप से सफाई नहीं होती है।

## सावित्रीपुर के स्कूल में तोड़फोड़, जुर्म दर्ज

### 80 हजार के सामान की क्षति

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम सावित्रीपुर के शाउमा विद्यालय

- प्रभारी प्राचार्य ने सांकरा थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

में रखे सामानों को तोड़फोड़ करने के मामले में प्रभारी प्राचार्य ने सांकरा थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सावित्रीपुर स्कल के प्रभारी प्राचार्य प्रसाद सिदार ने रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि वर्तमान में स्कूल में ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रहा है। 17 मई को स्कूल स्टाफ, जनप्रतिनिधि, समिति एवं विद्यार्थियों के द्वारा तिरंगा यात्रा निकालना था, जिसके लिए वह और अन्य टीचर स्टाफ स्कूल पहुंचे तो देखा कि स्कूल का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखने पर मिडिल स्कूल के हाल एवं कक्षा में रखे 10 नग कुर्सी, 05 नग सीसीटीवी कैमरा, 1 नग प्रोजेक्टर, 3 नग पंखे, इलेक्ट्रिक बोर्ड तथा आलमारी में रखे स्टेशनरी सामान को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा नुकसान पहुंचाया गया है, जिससे करीबन 80,000 रुपए की क्षति हुई है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 331(4), 324(3), 324(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिय गया है।

खबर संक्षेप

## कॉलोनी की समस्याओं को लेकर विधायक से की मुलाकात



**रायपुर।** रेसिडेंट को-ऑपरेटिव सोसाइटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस-2 सेजबहार के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू से सौजन्य भेंट की। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल द्वारा कॉलोनी की मुख्य समस्याओं, बाउंड्रीवॉल का निर्माण, बाहर की ओर से कॉलोनी में आने वाली नाली के डायवर्सन, मुख्य द्वार पर गार्ड के बैठने के लिए शेड निर्माण, संपूर्ण परिसर में टूटे चैंबरों की मरम्मत, कॉलोनी के पीछे नाले के सौंदर्यीकरण इत्यादि समस्याओं के निराकरण के लिए हाउसिंग बोर्ड को निर्देशित करने के लिए विधायक का ध्यान आकृष्ट कराया। जिस पर विधायक श्री साहू ने ध्यानपूर्वक समस्याएं सुनीं और शीघ्र ही निराकरण करने का आश्वासन दिया। मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में सोसाइटी के संरक्षक कुलेश देवांगन, अध्यक्ष अनिल सिन्हा, उपाध्यक्ष बीआर देवांगन, कोषाध्यक्ष बीआर साहू, सांस्कृतिक प्रभारी भूमेद सिंह खंडाते, वरिष्ठ सदस्य हरि श्याम यादव एवं बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित थे।

## प्रदेश में खरीफ 2025 की तैयारी, कृषि संकल्प अभियान 29 से

**रायपुर।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार विकसित कृषि संकल्प अभियान वर्ष 2025 का आयोजन 29 मई से 12 जून 2025 तक राज्य के सभी विकासखंडों में किया जाएगा। यह राष्ट्रीय स्तर का अभियान खरीफ मौसम 2025 की पूर्व तैयारी को सशक्त बनाने, किसानों को आधुनिक व वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ने तथा खेतों में हो रहे नवाचारों को पहचान कर अनुसंधान की दिशा तय करने के लिए प्रारंभ किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में अभियान के सफल संचालन के लिए कृषि एवं संबद्ध विभागों की संयुक्त टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें प्रतिदिन 2 से 3 चिन्हित ग्राम पंचायतों में पहुंचकर किसानों के साथ वैज्ञानिक परिचर्चा आयोजित करेंगी। परिचर्चाओं के माध्यम से किसानों को धान की सीधी बुवाई,ड्रोन तकनीक का उपयोग, प्राकृतिक खेती, बीजों की नवीन किस्में, संतुलित उर्वरक उपयोग तथा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित कृषि, बागवानी, पशुपालन व मत्स्यपालन संबंधी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इन आयोजनों में आईसीएआर संस्थानों, कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक, कृषि विभाग व संबद्ध विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं प्रगतिशील कृषक भाग लेंगे।

## एक्सीडेंट के बाद चक्का जाम, 25 कांग्रेसियों के खिलाफ अपराध दर्ज

**रायपुर।** तेलीबांधा थाना के सामने लगे सिग्नल के पास शुक्रवार को ट्रक से कुचलकर युवती की मौत के बाद चक्का जाम करने वाले पूर्व विधायक विकास उपाध्याय सहित 25 कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। एक्सीडेंट की घटना के बाद पूर्व विधायक तथा कांग्रेस कार्यकर्ता चौक पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग करते हुए थाना के सामने धरने पर बैठ गए और करीब आधे घंटे तक चक्का जाम कर दिया था। थाना के सामने आए दिन हो रही सड़क दुर्घटना को देखते हुए शनिवार को एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह तथा अन्य पुलिस अफसर मौके का मुआयना करने पहुंचे। एसएसपी ने एक्सीडेंट की घटना रोकने जरूरी दिशा निर्देश दिए। साथ ही व्यस्त मार्ग पर गाड़ियों की रफ्तार पर लगाम लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही चौक के पास की तकनीकी खामी को जल्द से जल्द दूर करने के एसएसपी ने निर्देश दिए। तेलीबांधा थाना के सामने लगे सिग्नल से लेकर वीआईपी तिराहा अग्रेसन धाम जाने के मार्ग पर आए दिन एक्सीडेंट की घटनाएं होती रहती हैं। इस मार्ग पर तीन महीने के भीतर एक्सीडेंट में आठ लोगों की मौत हो चुकी है। हर माह औसतन दो लोगों की दो किलोमीटर के दायरे में मौत हो रही है।

# संविधान बचाओ रैली में शामिल होंगे पायलट, आज जांजगीर-चांपा से होगा आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में पहलगाम की घटना को लेकर दो बार स्थगित हुई कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली अब जांजगीर-चांपा से शुरू की जाएगी। रैली में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट हिस्सा लेंगे। रैली के दौरान पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी और कार्यकर्ता इसमें शामिल होंगे। 19 मई को जांजगीर चांपा में संविधान बचाओ रैली के बाद सभी जिला मुख्यालयों और विधानसभा क्षेत्रों में संविधान बचाओ रैली निकाली जायेगी। जिला एवं विधानसभा के बाद कांग्रेस घर-घर तक संविधान बचाओ अभियान लेकर जायेगी। जांजगीर-चांपा में होने वाली संविधान बचाओ रैली की तैयारी की रणनीति तैयार की गई है। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, प्रभारी सचिव जरिता लैतफलांग, प्रभारी सचिव विजय जांगिड़, विधायक सहित अन्य नेता मौजूद रहेंगे। पूर्व में दुर्ग और बिलासपुर से रैली शुरू करने का प्रयास किया गया, पर स्थगित कर दी गई। अब जांजगीर-चांपा से निकलने वाली रैली की तैयारी लगभग पूरी हो गई है।

## रैली के बाद सभी जिला मुख्यालयों और विधानसभा क्षेत्रों में निकलेगी रैली

### तीन मांगों पर केंद्रित होगी रैली

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कांग्रेस पार्टी जनसरोकार की प्रमुख तीन मांगों को लेकर जनता के बीच जाएगी और केंद्र की मोदी सरकार पर दबाव बनाएगी। पहला आरक्षण में 50 प्रतिशत की सीलिंग हटाने की मांग, इसके लिए एआईसीसी ने अहमदाबाद की बैठक में प्रस्ताव भी पास किया है। दूसरा केंद्र की सरकार ने नेशनल बजट के एलोकेशन में एससी, एसटी के लिए बजट दुर्भावना पूर्वक कम किया जा रहा है, उसे बढ़ाने और पॉपुलेशन के आधार पर बजट हो, सभी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी युवाओं को प्राइवेट शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण दिया जाए। 2006 में यूपीए की सरकार ने संविधान के आर्टिकल 15(5) में इसका प्रावधान भी किया है, इसका सरकारी स्कूलों में तो लाभ मिल रहा है, लेकिन निजी संस्थान में आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है। सरकार इसे निजी संस्थानों में भी तत्काल लागू कराए।







### आज से दो दिवसीय दौरे पर आएंगे पायलट

एआईसीसी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट 18 मई को नियमित विमान सेवा से शाम 5.30 बजे मुंबई से रायपुर पहुंचेंगे। शाम 6 बजे समता कालोनी में पहलगाम आतंकी हमले में दिवंगत हुये कारोबारी स्व. दिनेश मिरानिया के परिवार से मुलाकात करेंगे। शाम 6.30 बजे रायपुर से बिलासपुर के लिए रवाना होंगे एवं रात्रि विश्राम बिलासपुर में करेंगे। 19 मई को दोपहर 2 बजे बिलासपुर से जांजगीर-चांपा के लिये रवाना होंगे। दोपहर 3 बजे जांजगीर-चांपा में आयोजित मेजर ध्यान चंद हॉकी स्टेडियम में संविधान बचाओ रैली के कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 5.30 बजे जांजगीर-चांपा से रायपुर के लिये रवाना होंगे। रात 8.30 बजे रायपुर से नियमित विमान सेवा द्वारा नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने शिक्षकों और शालाओं का युक्तियुक्तकरण

# 7127 स्कूलों में एक शिक्षक, 260 भगवान भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था को अधिक सशक्त, संतुलित और गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण किए जाने की पहल की है। वर्तमान में प्रदेश की 212 प्राथमिक शालाएं पूर्णतः शिक्षक विहीन हैं, जबकि 6,872 प्राथमिक शालाएं एकल शिक्षकीय हैं। इसी प्रकार 48 पूर्व माध्यमिक शालाएं शिक्षक विहीन हैं तथा 255 शालाएं एकल शिक्षकीय श्रेणी में आती हैं। इस प्रकार प्रदेश की 7127 स्कूलों में एक शिक्षक हैं, वहीं 260 स्कूल ऐसे है, जहां एक भी शिक्षक नहीं है, यह भगवान भरोसे चल रहे हैं।

प्रदेश में प्राथमिक शालाओं में कुल 77 हजार 845 सहायक शिक्षक कार्यरत हैं, जबकि पूर्व माध्यमिक शालाओं में 55 हजार 692 शिक्षक कार्यरत हैं। यदि शिक्षक विहीन प्राथमिक शालाओं में 2-2 तथा एकल शिक्षकीय शालाओं में 1-1 अतिरिक्त शिक्षक की नियुक्ति की जाए, तो कुल 7 हजार 296 सहायक शिक्षकों की आवश्यकता होगी, जबकि उपलब्ध अतिशेष सहायक शिक्षक केवल 3 हजार 608 हैं। इसी प्रकार पूर्व माध्यमिक स्तर पर शिक्षक विहीन शालाओं में 4, एकल शिक्षकीय में 3, दो शिक्षकीय में 2 और तीन शिक्षकीय में 1 अतिरिक्त शिक्षक की आवश्यकता होगी। इस मानक के अनुसार कुल 5 हजार 536 शिक्षकों की आवश्यकता बनती है, जबकि केवल 1 हजार 762 शिक्षक ही अतिशेष हैं।

### विभाग के अनुसार 1762 शिक्षक ही अतिशेष




### प्रायमरी में 60 छात्रों पर एक शिक्षक

शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार, प्राथमिक शालाओं में 60 छात्रों तक 2 सहायक शिक्षक तथा प्रत्येक 30 अतिरिक्त छात्रों पर एक अतिरिक्त सहायक शिक्षक रखने का प्रावधान है। पूर्व माध्यमिक शालाओं में 105 छात्रों तक 3 शिक्षक और 1 प्रधान पाठक, तथा प्रत्येक 35 छात्रों पर एक अतिरिक्त शिक्षक नियुक्त किया जाना है। छत्तीसगढ़ में कई प्राथमिक विद्यालयों में प्रधान पाठक के पद अधिनियम के लागू होने से पहले से स्वीकृत हैं, इसलिए शिक्षक गणना में इन पदों को भी सम्मिलित किया गया है। वर्ष 2008 के बाद प्रारंभ हुए विद्यालयों में प्रधान पाठक का पद स्वीकृत नहीं है।

### कई स्कूलों में शिक्षक और संसाधनों की कमी

शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लिया गया है, ताकि शिक्षक संसाधनों का अधिकतम और समान उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। प्रदेश में वर्तमान में 30 हजार 700 शासकीय प्राथमिक शालाएं संचालित हो रही हैं, जिनमें छात्र-शिक्षक अनुपात 21.84 है। वहीं 13 हजार 149 पूर्व माध्यमिक शालाओं में यह अनुपात 26.2 है, जो राष्ट्रीय औसत की तुलना में बेहतर स्थिति को दर्शाता है। इसके बावजूद कई विद्यालयों में शिक्षक संसाधनों की कमी देखने को मिल रही है।

### 6665 शालाओं में पांच या अधिक शिक्षक

राज्य में शिक्षकों की संख्या पर्याप्त होने के बावजूद उनका वितरण असमान है। कुछ विद्यालयों में जहां शिक्षक नहीं हैं, वहीं अन्य विद्यालयों में आवश्यकता से अधिक शिक्षक पदस्थ हैं। उदाहरण के लिए, लगभग 1 हजार 500 प्राथमिक शालाएं ऐसी हैं जहां 5 या उससे अधिक शिक्षक कार्यरत हैं। इसी प्रकार 3 हजार 465 पूर्व माध्यमिक शालाओं में 5 शिक्षक तथा 1 हजार 700 पूर्व माध्यमिक शालाओं में 5 से अधिक शिक्षक कार्यरत हैं। यह असंतुलन शिक्षा की गुणवत्ता में बाधक है, जिसे युक्तियुक्तकरण द्वारा सुधारा जा सकता है। उच्च माध्यमिक व हाई स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति विषय-वार सेटअप के अनुसार होती है, इस कारण वहाँ अतिशेष शिक्षकों की संख्या अपेक्षाकृत नगण्य है।

### युक्तियुक्तकरण की दोषपूर्ण नीति शिक्षा की गुणवत्ता गिरेगी- संजय

*छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा, युक्तियुक्तकरण की वर्तमान नीति में प्रायमरी, मिडिल व कामर्स के एक-एक शिक्षकों की संख्या सभी स्कूल में समाप्त की गई है। युक्तियुक्तकरण की दोषपूर्ण नीति से शिक्षा विभाग में शिक्षा की गुणवत्ता गिरेगी। कम शिक्षक होने से कक्षा संचालन भी संभव नहीं, इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। नीति में सबसे बड़ी विसंगति तो यही है कि प्रत्येक शाला में एक-एक पद न्यूनतम छात्र संख्या पर कम किया गया है। साथ ही एक ही परिसर की शालाओं को सम्बद्ध करने कहा गया है, इससे शाला का प्रबंध कमजोर होगा और प्रधान पाठक पद को खत्म किया जा रहा है, इससे शिक्षकों की पदोन्नति नहीं होगी।*

### कोई भी स्कूल बंद नहीं होगा

*युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को लेकर यह स्पष्ट किया गया है कि यह किसी भी विद्यालय को बंद करने की प्रक्रिया नहीं है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रस्तावित क्लस्टर विद्यालय अवधारणा के अनुरूप एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में केवल प्रशासनिक समन्वय होगा, न कि किसी विद्यालय या पद की समाप्ति। उदाहरण के लिए, यदि किसी परिसर में तीनों स्तर के विद्यालय हैं, तो प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों का समायोजन उच्चतर विद्यालय परिसर में किया जाएगा, जिससे भविष्य में बेहतर अधोसंरचना और शैक्षिक संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें।*

## एक्सप्रेस-वे, स्काईवॉक भाजपा के भ्रष्टाचार के स्मारक के रूप में जनता के सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पूर्वमंत्री राजेश मूणत कितनी भी गलत बयानी कर लें, रायपुर का एक्सप्रेस-वे, स्काईवॉक भाजपा के भ्रष्टाचार की स्मारक के रूप में छत्तीसगढ़ की जनता के सामने खड़ी है। तत्कालीन भाजपा सरकार के लोक निर्माण मंत्री राजेश मूणत ने बिना किसी आवश्यकता के रायपुर शहर में एक स्काई वॉक बनाने का प्रोजेक्ट अपने रसूख का प्रयोग करके पास करवा दिया, जिसकी कोई आवश्यकता ही नहीं थी। जनता ने भी स्काई वॉक निर्माण के प्रोजेक्ट को लेकर तत्कालीन सरकार का विरोध किया था।

उन्होंने कहा, भाजपा ने अपने 15 वर्ष के शासन काल में जिस प्रकार से शासकीय धन का दुर्विनियोजन किया, उसका एक बहुत छोटा सा उदाहरण स्काईवॉक प्रोजेक्ट है, जो दिन- प्रतिदिन रायपुर की जनता को उनके साथ हुये विश्वासघात, उपेक्षा और धोखाधड़ी की याद दिलाता है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार अधूरे स्काईवॉक पर पैसा खर्च करने के बजाय निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए और शहर के भविष्य की मांग के अनुरूप फ्लाई ओवर बनाने पर योजना बनानी चाहिए। एक आदमी की जिद और अहंकार की संतुष्टि के लिए फिजूल का निर्माण कार्य कराया जा रहा।

### अटल मॉनिटरिंग पोर्टल पर सूरजपुर पूरे प्रदेश में अव्वल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए वर्ष 2024-25 की अटल मॉनिटरिंग पोर्टल रैंकिंग में पूरे राज्य में पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की गुणवत्ता, प्रभावशीलता और पहुँच को दर्शाती है। अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं के निवारक, प्रोत्साहनात्मक और उपचारात्मक पक्षों का आकलन किया जाता है।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक 29 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**मणिपुर, केरल, कर्नाटक सहित अन्य राज्यों से आएंगे प्रतिनिधि**

**पर्यावरण संरक्षण और नवाचारों से युक्त होगा तीन दिवसीय कार्यक्रम**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक 29 से 31 मई तक इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मंडपम सभागार में आयोजित है। इस बैठक में मणिपुर, केरल, कर्नाटक सहित देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसके साथ नेपाल से भी परिषद के कार्यकर्ता बैठक में भाग लेने रायपुर आ रहे हैं। इस मौके पर 7 विषयों पर प्रमुख रूप से चर्चा होगी। बैठक को नवाचार से युक्त और पर्यावरण अनुकूल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। परिषद के रायपुर महानगर मंत्री और प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रथम राव और विदिशा से संगठन मंत्री शालिनी ने शनिवार को संयुक्त रूप से इसकी जानकारी दी।

मीडिया से चर्चा में पदाधिकारी द्वय ने बताया कि यह संपूर्ण आयोजन जीरो प्लास्टिक उपयोग के सिद्धांत पर आधारित होगा। साथ ही सब्जियों के छिलके से कंपोस्ट खाद तैयार करने, मिलेट से रंगोली बनाने और गोबर ने मैनचेस्टर प्लेट तैयार किया जायेगा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में देशभर के परिदृश्य का प्रस्ताव शामिल रहेगा। आंतरिक सुरक्षा, नक्सलवाद की समस्या, कुलपति नियुक्त सहित अनय प्रमुख विषयों पर चर्चा की जायेगी। प्रथम राव ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी का लक्ष्य इस बार देशभर में 1 करोड़ सदस्य बनाने का है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाहक मुकुंद सियार विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। वे कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन भी देंगे।

## प्रशिक्षु अधिकारियों ने किया सेंट्रल जेल का भ्रमण




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित प्रशिक्षु अधिकारियों ने शनिवार को शैक्षणिक भ्रमण कर कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। इनमें 9 डिप्टी कलेक्टर, 6 राज्य कर सहायक आयुक्त, 9 सहायक आयुक्त सहकारिता, 5 जिला आबकारी अधिकारी सहित कुल 29 प्रशिक्षणरत अधिकारी शामिल थे। छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा के संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण के अंतर्गत इन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों को राज्य के कारागार तंत्र, अपराध नियंत्रण और न्याय प्रणाली और बंदी पुर्नवास की व्यावहारिक जानकारी दी गई, ताकि वे प्रशासनिक सेवाओं के दौरान इन महत्वपूर्ण विषयों को गहराई से समझ सकें। भ्रमण के दौरान सहायक जेल महानिरीक्षक अमित शांडिल्य द्वारा जेल प्रशासन की संरचना, सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों के अधिकार, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा एवं कौशल विकास कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई।

# ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री और मंत्रियों ने किया नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक कार्यक्रम और 'ऑपरेशन सिंदूर' की वीरगाथा को जनमानस से जोड़ने के लिए पूरे प्रदेश में भव्य तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। जशपुर जिले के दुलदुला तहसील के चराईडांड़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में निकली ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में हजारों नागरिकों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री साय ने शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया और 'ऑपरेशन सिंदूर' को राष्ट्र की एकता का प्रतीक बताया। उन्होंने हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत कर राष्ट्रीय संकल्प को जनआंदोलन में बदला।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने बिलासपुर में मिनी स्टेडियम से तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाई। लखीराम ऑडिटोरियम तक निकली इस यात्रा में सांसद, महापौर, अधिकारी और जनसामान्य की उल्लेखनीय भागीदारी रही। सुकमा जिले के चिंगावरम में उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा और वनमंत्री केदार कश्यप ने तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। इस आयोजन में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और स्पष्ट किया कि अब बस्तर आतंक से नहीं, आत्मबल से पहचाना जाएगा।

### राजनांदगांव में डा. रमन हुए शामिल



राजनांदगांव में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह स्वयं ग्राम भर्रेगांव और शहर में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर भारत की ताकत का जीवंत उदाहरण है। आम नागरिकों ने भारी संख्या में भाग लेकर सैनिकों को सच्ची श्रद्धांजलि दी। रायगढ़ जिला मुख्यालय में राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह और लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया के नेतृत्व में निकली यात्रा में हजारों लोगों ने भाग लिया। कोरबा में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के नेतृत्व में घंटाघर चौक से निकली यात्रा में महापौर, कलेक्टर और एसपी सहित हजारों लोगों की भागीदारी रही। महासमुंद में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी और विधायक योगेश्वर सिन्हा के नेतृत्व में यात्रा गांधी चौक से हाई स्कूल मैदान तक संपन्न हुई। कवर्धा जिले में गांव-गांव तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें सरपंच, शिक्षक, युवा मंडल और आम नागरिकों ने मिलकर सेना के प्रति सम्मान प्रकट किया। यह आयोजन जनजागृति का सशक्त मंच बना। बालोद जिला मुख्यालय में वल्लभ भाई पटेल मैदान से निकली यात्रा पुष्प वर्षा और भारत माता की जय के नारों से गुंजायमान रही। दल्लीराजहरा, गुण्डरदेही, अर्जुंदा जैसे निकायों में भी समान उत्साह देखा गया। कोण्डागांव में विधायक लता उसेंडी और कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना की उपस्थिति में पलारी गांव और नगर क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली गई। सरगुजा में विधायक राजेश अग्रवाल और कलेक्टर विलास भोसकर की उपस्थिति में भव्य यात्रा निकाली गई।

## छत्तीसगढ़ के पंप अब कभी सूखेंगे नहीं, आपूर्ति सुगम बनाने एचपीसीएल ने लाया प्रोजेक्ट

# पाइपलाइन के जरिए बहुत कम समय में ओडिशा से रायपुर पहुंचेगा पेट्रोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के पेट्रोल पंपों में अब कभी भी पेट्रोल की आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी। इससे उपभोक्ताओं को भी पेट्रोल पंपों से बैरंग लौटना नहीं पड़ेगा। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) पेट्रोल आपूर्ति और वितरण को सुगम बनाने के लिए विशाख रायपुर पेट्रोल पाइप लाइन प्रोजेक्ट लाया है।

इस प्रोजेक्ट के तहत ओडिशा के काटाभांजी से छत्तीसगढ़ रायपुर तक 540 किलोमीटर की लंबी भूमिगत पाइप लाइन बिछाई जाएगी, जिसके माध्यम से पेट्रोल बहुत कम समय में कंपनी के डिपो तक पहुंचेगा, जिससे प्रदेश के पेट्रोल पंपों में इसकी आपूर्ति जल्द हो पाएगी।





### 2212 करोड़ का प्रोजेक्ट, छत्तीसगढ़ में 95 किलोमीटर की पाइपलाइन

एचपीसीएल का यह प्रोजेक्ट 2212 करोड़ रुपए का है। इस प्रोजेक्ट के तहत छत्तीसगढ़ में 95 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन बिछाई जाएगी। यह पाइप लाइन महासमुंद जिले के कोमाखान से शुरू होकर नवा रायपुर होकर मंदिर हसौद क्षेत्र के ग्राम परवोन तक बिछाई जाएगी।



### महानदी से गुजरेगी पाइपलाइन

इस प्रोजेक्ट के तहत बिछाई जाने वाली पाइप लाइन 54 गांवों के अलावा महानदी को भी क्रास करेगी। यानी पाइप लाइन महासमुंद-रायपुर के बीच महानदी से भी गुजरेगी।

### 54 गांवों से होकर पहुंचेगी पाइप लाइन

*इस प्रोजेक्ट के तहत कोमाखान से मंदिर हसौद स्थित गांव तक पाइप लाइन बिछाने में करीब 54 गांव प्रभावित हो रहे हैं, या यू कहें कि 54 गांव से होकर पाइप लाइन रायपुर पहुंचेगी। इनमें 38 गांव महासमुंद जिले के तथा 16 गांव रायपुर जिले के हैं। सूत्रों के अनुसार पाइप लाइन बिछाने के लिए प्रभावित होने वाले सभी गांवों को नोटिस के रूप में सूचना दी जाएगी तथा जिस भी परिवार या किसान की जितनी जमीन प्रभावित होगी, उसका मुआवजा का भुगतान उस क्षेत्र की सरकारी जमीन की दर के अनुसार किया जाएगा।*

### प्रोजेक्ट से छत्तीसगढ़-ओडिशा के उपभोक्ताओं को मिलेगी सुविधा

*एचपीसीएस के इस प्रोजेक्ट से छत्तीसगढ़ और ओडिशा के उपभोक्ताओं को सुविधा मिलेगी। कंपनी अभी तक टैंकर वाहन के माध्यम से पेट्रोल की सप्लाई डिपो तक करती है। इसमें कई घंटे लग जाते हैं, जिसके कारण पेट्रोल पंपों में आपूर्ति करने में भी देर होती है। इसके अलावा भी कई कारण हैं, जिससे डिपो तथा पेट्रोल पंपों में आपूर्ति प्रभावित होने से उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ता है। इस प्रोजेक्ट के शुरू होने से डिपो और पंपों में कम समय में आपूर्ति होगी, जिससे उपभोक्ताओं को पंपों में पेट्रोल नहीं मिलने की परेशानी से भी मुक्ति मिलेगी।*

## जायसवाल बने रायगढ़ जिला कांग्रेस प्रभारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने रायगढ़ जिले के लिए संगठनात्मक नियुक्ति करते हुए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल को शहर जिला कांग्रेस कमेटी, रायगढ़ का प्रभारी नियुक्त किया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर जारी इस आदेश में कहा गया है कि श्री जायसवाल जिले में संगठनात्मक गतिविधियों के संचालन की जिम्मेदारी निभाएंगे। साथ ही उन्हें जिला, नगर व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों, स्थानीय पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं से समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया है। आदेश में यह भी कहा गया है कि वे समय-समय पर रायगढ़ जिले की संगठनात्मक गतिविधियों की रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपते रहेंगे।

## खबर संक्षेप



### ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में निकाला तिरंगा रैली

**रायपुर।** ग्राम छतौना में शनिवार को तिरंगा रैली का आयोजन किया गया था जिसमें ग्राम सरपंच भोजराज यदु, उपसरपंच नयन यादवख, जनपद सदस्य दिवाकर जांगड़े, पंच सुनील, मोंगरा, अमरिका ,युवराज, सचिव लोकनाथ साहू , दीपक, ग्राम संगठन महिला समूह छतौना एवं समस्त ग्रामवासी छतौना के द्वारा देश के सैनिकों के सम्मान में ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में तिरंगा रैली निकाला गया।

### मकान के लिए भटक रही वृद्धा, धोबी समाज ने लिया संज्ञान

**रायपुर।** शनि मंदिर चक्रधर नगर की वृद्ध महिला मकान के लिए दर-दर भटक रही है। तपती धूप में वह कपड़े की छाया बनाकर रह रही है। सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने इस मामले पर संज्ञान लिया और मुख्यमंत्री कार्यालय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह को आग्रह करते हुए सोशल मीडिया में ही फॉरवर्ड किया। साथ ही रायगढ़ के जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार सोन को तत्काल पहुंचकर समाजजनों के साथ इन जनप्रतिनिधियों को वृद्ध महिला को साथ ले जाकर आवास दिलाने आग्रह करने के लिए कहा। यह जानकारी समाज के जिला युवा प्रदेश अध्यक्ष रोशन निर्मलकर, कार्यवाहक युवा प्रदेश अध्यक्ष अंबे बाघमार ने दी।

### मराठा समाज ने किया आर्ट शाला का शुभारंभ



**रायपुर।** छत्रपति संभाजी महाराज जन्म जयंती (मराठा युवा दिवस) के अवसर पर मराठा समाज द्वारा निशुल्क समर कैंप, आर्ट शाला एवं मराठा समाज के कार्यालय का उद्घाटन पार्षद एवं जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा ने किया। इस मौके पर मराठा समाज के अध्यक्ष लोकेश पवार ने बताया कि आर्ट शाला 2025 में बच्चों को निशुल्क ड्राइंग, पेंटिंग, लिप्पन आर्ट, कोल्ड कुकिंग, मेहंदी, डांस के साथ ही साथ शिष्टाचार भी सिखाया जाएगा, जहां पर मराठा समाज द्वारा सीखने में लगने वाले सामान भी निशुल्क उपलब्ध कराएगा। अभी तक 93 बच्चों ने शिविर के लिए पंजीयन करा लिया है। इस आयोजन में मराठा मित्र मंडल रायपुर के अध्यक्ष लोकेश पवार, महिला अध्यक्षा सुषमा महाडिक, महासचिव विनोद मांढरे, सचिव शरद फरताड़े, कोषाध्यक्ष हेमराव सिरगिरे, संरक्षक सुरेंद्र डुकरे, नागराजू कापसे, प्रदेश महासचिव महेंद्र जाधव आदि उपस्थित थे।

### ससुरालियों पर बेटी के नाम की जमीन कब्जाने और प्रताड़ित करने का आरोप



**रायपुर।** एक महिला ने अपनी बेटी के ससुराल वालों के खिलाफ उनकी बेटी के नाम की जमीन का फर्जी दस्तावेज तैयार कर अपने नाम कराने के साथ उसके साथ मारपीट तथा प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया है। महिला के थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद भी पुलिस किसी तरह से कोई कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। शारदा त्यागी ने प्रेस कान्फ्रेंस कर बताया है कि उसकी बेटी रेखा का सुंदर नगर निवासी सूर्यकांत त्यागी से वर्ष 1999 में विवाह हुआ है। जोरा में रेखा के नाम साढ़े छह एकड़ जमीन है। शारदा ने सूर्यकांत तथा उसके पिता अमरनाथ के खिलाफ फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसकी बेटी की जमीन अपने नाम करवाने का आरोप लगाया है। साथ ही सूर्यकांत तथा उसके पिता पर उसकी बेटी का चार बार जबरन गर्भापात कराने का आरोप लगाया है।

# लघु फिल्म के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रही पुलिस, माल वाहक वाहन में नहीं करें सवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खरोरा क्षेत्र में सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत की घटना के बाद रायपुर रायपुर पुलिस जहां माल वाहक वाहन में लोगों को ले जाने पर कार्रवाई कर रही है, वहीं दूसरी ओर लोगों को माल वाहक वाहन में सवारी नहीं करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी चला रही है। इसके तहत पुलिस ने सोशल मीडिया के प्लेटफार्म के माध्यम से एक लघु फिल्म को पोस्ट की है। इस फिल्म के माध्यम से लोगों को बताया जा रहा है कि माल वाहक वाहन में सफर करने से किस तरह की सड़क दुर्घटनाएं हो सकती हैं।

## शादी के दौरान बाराती माल वाहक वाहन में सवार होकर जाते हैं



### 2500 से अधिक मालवाहक वाहन चालक मालिकों को किया जागरूक

पुलिस ने मालवाहक गाड़ियों में सवारी परिवहन की रोकथाम के लिए शनिवार को शहर के टिकरापारा, उरला एवं विधानसभा क्षेत्र में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसके तहत लगभग 2500 से अधिक मालवाहक वाहन चालक एवं मालिकों को भी उनके वाहन में लोगों को भरकर नहीं ले जाने की समझाइश दी। इस कार्यक्रम में पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ लाल उमेद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर कीर्तन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात डॉ प्रशांत शुक्ला, उप पुलिस अधीक्षक यातायात सतीश ठाकुर, गुरजीत सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक विधानसभा उपस्थित रहे।

### शादी समारोह को जोड़कर बनाई गई फिल्म

इस जागरूकता वाली फिल्म को शादी समारोह से जोड़कर बनाया गया है। फिल्म में दिखाया गया है कि शादी समारोह की खुशियां किस तरह से मातम में बदल जाती है, क्योंकि शादी के दौरान बाराती माल वाहक वाहन में सवार होकर जाते हैं। बारातियों से भरा यह वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है, जिसके बाद खुशी का माहौल मातम में बदल जाता है।

# नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों और सरपंचों को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

- मुंडपहार में धूमधाम से हुआ स्नेह मिलन समारोह, विधायक ने आमजन और कार्यकर्ताओं का जताया आभार

क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने ग्राम मुंडपहार में आयोजित स्नेह मिलन समारोह में शामिल हुईं। विधायक चातुरी नंद ने क्षेत्र की जनता और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि मुझे शुरू से ही जनता और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का अपार स्नेह और सहयोग मिला है। आप सबकी यही स्नेह और सहयोग ही मेरी ताकत है, जिसकी बदौलत मैं क्षेत्र की जनता की सेवा दोगुनी ताकत के साथ कर रही हूं। उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी मुझे हमेशा प्रोत्साहित किया, जो मुझे एक नई ऊर्जा प्रदान करती है। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि उन्होंने विधायक जन चौपाल की शुरुआत कर आमजन के समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष प्रयास कर रही है। विधायक जन चौपाल से जनता को अपने सेवक से मिलने के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। विधायक जन चौपाल को आम जन का अच्छा प्रतिसाद भी मिल रहा है और अब ना केवल सरायपाली बल्कि बलौदा, सिंघोड़ा, भंवरपुर और केदुवा में भी जन चौपाल लगाया जा रहा है।

कार्यक्रम को पूर्व नपा अध्यक्ष अमृत पटेल, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आरएन आदित्य, बलराम भोई, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ नायक, विधायक प्रतिनिधि मोहन लाल भोई, जनपद सदस्य पूजा तिवारी और एड पुरुषोत्तम पटेल ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में जनपद सदस्य कुमुदिनी भोई, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामदयाल पटेल, नीलांबर सोनी, विधायक प्रतिनिधि द्वय घासिया सिदार, रमेश पटेल, बिरंची बेताल सहित वरिष्ठ नेतागण मंच में मंचासिन थे। कार्यक्रम का संचालन ब्लाक कांग्रेस कमेटी सरायपाली ग्रामीण के अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल और आभार प्रदर्शन सेमलिया निवासी हीरालाल साहू ने किया।

### नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में नवनिर्वाचित जनपद सदस्य और सरपंचों को माला पहनाकर और गमछा भेंटकर सम्मानित भी किया गया। इसमें प्रमुख रूप से जनपद सदस्य पूजा तिवारी, कुमुदिनी भोई, पार्षद रमीज राजा खान, सरपंचगण गोलू पटेल, पुरुषोत्तम साहू, पुरुषोत्तम पटेल, नरेश पटेल, प्रभात पटेल, नीलांचल भोई, फागुलाल चौहान, वृंदावन पटेल, हेमंत साहू, सावित्री चौधरी, गोकुल भोई, शनि नायक, मधुबन भोई, कृपाराम चौहान, गौरी पटेल, कुसुम बहिरा, गुलशन विभार, मोहित रौतिया, चित्रसेन बीसी, सहित लगभग 50 जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया।

### ये कार्यकर्ता हुए शामिल

कार्यक्रम में नरेंद्र साहू, केशव चौधरी, रत्न बंजारे, विधायक प्रतिनिधि भरत मेश्राम, दीपक साहू, सुनील नायक, सूर्या पटेल, कमल पटेल, सत्या भोई, विक्की वैष्णव, लिलाकांत पटेल, अनिल पटेल, पद्मलोचन पटेल, निर्मल प्रधान, श्रवण पटेल, दिलीप साहू, दिलकिशोर प्रधान, विजय शंकर पटेल, पंकज बीसी, निर्मल बढ़ाई, विनय पटेल, सुशील प्रधान, रविशंकर साव, लोकनाथ पटेल, अजय यादव, दयाराम चौहान, पिंगल गार्डिया, निलेश तिवारी, प्रमनंद नायक, सुरेश पटेल, मुलीधर पटेल, संजय प्रधान, धनपति प्रधान, गोपबंधु पटेल, हीरलाल प्रधान, चित्रसेन नायक, कन्हैया पटेल, राजेश चौहान, दुष्यंत साहू, विभीषण चौहान, प्रियांशु चौहान, सहित वरिष्ठ नेता एवं कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# रामचरित मानस पाठ में जिपं सदस्य लोकनाथ हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



ग्राम पंचायत नूनपानी में अखंड रामचरित मानस का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान की शोभा जिला पंचायत सदस्य लोकनाथ बारी की विशेष उपस्थिति से बढ़ी। कार्यक्रम में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

स्थानीय ग्रामवासियों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने रामचरित मानस के पाठ का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। यह धार्मिक आयोजन सामाजिक एकता का प्रतीक बन गया, जिसमें समाज के हर वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। इस अवसर पर युवा नेता लोकनाथ बारी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और अधिक बढ़ाया। इस तरह के आयोजन से क्षेत्र में धार्मिक और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा मिला।

## तिरंगा यात्रा



**सरायपाली (ग्रामीण)।** ग्राम पंचायत रोहिना में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में छात्र बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग शिक्षक, पंचायत प्रतिनिधि उत्साह के साथ शामिल हुए। यात्रा ग्राम पंचायत कार्यालय से मुख्य गली से होकर मुख्य चौक तक निकाली गई। जहां सरपंच धनुर्जय मरकाम, उपसरपंच त्रिनाथ सेठ आदि ने भूतपूर्व सैनिक बोधन पटेल, कंपनी कमांडर अखिलेश बेहरा, आरक्षक भुनेश्वर नेताम, दिलीप सेठ, योगेश बेहरा, सेवानिवृत्त हवलदार वीरेंद्र सेठ, सेवानिवृत शिक्षक एवं प्राचार्य अजय जायसवाल, व्याख्याता कमलेश साहू, शिक्षक एसके पटेल का बैज लगाकर एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कमलेश साहू ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के पराक्रम का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। अजय जायसवाल ने भारतीय सेना की बहादुरी की सराहना की। इस तिरंगा यात्रा में बच्चे महिला भी तिरंगा लिए हुए देश भक्ति नारा लगाते शामिल हुए। बुजुर्गों में भी जोश की कोई कमी नहीं थी। यह यात्रा ऑपरेशन सिंदूर के प्रति समर्थन का प्रतीक बनी और दिखाया कि देश की आम जनता आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है और सेना के साथ है। यात्रा में सीताराम चौधरी, पंचायत सचिव उसत कुमार, पंच अनंत कुमार, गजानन, सोनसाय, रविंद्र सेठ, सुरेंद्र, धर्मेंद्र नायक आदि सम्मिलित हुए।

# दीक्षा नगर में बनेगी नई पानी टंकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- आधा दर्जन रहवासी इलाकों में पेयजल समस्या से मिलेगी राहत
- रायपुर उत्तर और रायपुर दक्षिण के वार्ड में 2 नई पानी टंकी का प्रस्ताव लंबित

रायपुर पश्चिम क्षेत्र स्थित ठक्कर बापा वार्ड के दीक्षा नगर में लोगों को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने नई पानी टंकी बनायी जाएगी। नगर निगम द्वारा 3 विधानसभा क्षेत्र के लिए 3 नई पानी टंकी बनाने 70 करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा गया। इसमें रायपुर पश्चिम क्षेत्र के ठक्कर बापा वार्ड के दीक्षा नगर में नई पानी टंकी बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गयी है। इससे आने वाले समय में ठक्करबापा वार्ड के आधा दर्जन जलसंकट प्रभावित इलाकों में पानी का संकट दूर होगा।

दरअसल, शहर में तीन अलग-अलग जगहों पर जल संकट से निपटने नगर निगम ने 3 नई पानी टंकी निर्माण का प्रस्ताव निगम बजट में शामिल किया। इसमें रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी के विधानसभा क्षेत्र स्थित भाठागांव स्थित इंटरस्टेट बस टर्मिनल के पास 3500 किलोलीटर क्षमता की पानी टंकी, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा के उत्तर विधानसभा क्षेत्र स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड के खम्हारडीह इलाका और रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत के पश्चिम विधानसभा क्षेत्र स्थित ठक्करबापा वार्ड के दीक्षा नगर क्षेत्र में नई पानी टंकी निर्माण का प्रस्ताव शामिल है। नगर निगम ने राज्य शासन के पास 70 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा।

सूत्रों के मुताबिक इसमें से केवल पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के ठक्करबापा वार्ड के लिए नई पानी टंकी निर्माण की मंजूरी मिल पायी है, जबकि दक्षिण क्षेत्र के भाठागांव इंटर स्टेट बस टर्मिनल के पास और रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के खम्हारडीह इलाके में नई पानी टंकी निर्माण की मंजूरी शासन स्तर पर लंबित है। प्रोजेक्ट के हिसाब से संबंधित क्षेत्र में प्रस्तावित नई पानी टंकी से लोगों के घरों तक पीने के पानी की पाइप लाइन बिछाने से लेकर इंटर कनेक्शन करने और पेयजल आपूर्ति की निगरानी के लिए स्कॉडा सिस्टम लगाया जाएगा।




### नई टंकी बनने से इन इलाकों को मिलेगी राहत

प्रेमनगर, पार्वती नगर, गुरु घासीदास नगर, अंजलि विहार, सुख विहार, देव विहार सहित अन्य कालोनी।

### भारतीय व्यापारी नेताओं ने तुर्की-अजरबैजान के साथ व्यापार बहिष्कार का लिया निर्णय

**रायपुर।** भारत का व्यापारिक समुदाय तुर्की और अजरबैजान के साथ व्यापार का बायकॉट करेगा, जिसमें यात्रा और पर्यटन भी शामिल है। नई दिल्ली में कैट के राष्ट्रीय सम्मेलन में सर्व सम्मति से यह फैसला लिया गया। सम्मेलन में देशभर के 24 राज्यों से आए शीर्ष व्यापारिक नेता शामिल हुए। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर से आये शीर्ष व्यापारिक नेताओं से सर्व सम्मति से यह संकल्प लिया कि भारत का व्यापारिक समुदाय तुर्की और अजरबैजान के साथ हर प्रकार के व्यापार एवं व्यावसायिक संबंधों का पूर्ण बहिष्कार करेगा। व्यापारिक समुदाय ने भारतीय फिल्म उद्योग से भी अपील की है कि वे तुर्की और अज़रबैजान में किसी भी प्रकार की फिल्म की शूटिंग न करें और यदि कोई फिल्म वहां शूट होती है, तो व्यापार जगत और आम जनता ऐसी फिल्मों का बहिष्कार करेगी। सम्मेलन में यह भी निर्णय लिया गया कि कोई भी कॉरपोरेट हाउस तुर्की और अज़रबैजान में अपने उत्पादों के प्रमोशन की शूटिंग नहीं करेगा।

# नवीन शर्मा बने ट्रांसपोर्ट कैट के प्रदेश अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- प्रदेशभर में ट्रांसपोर्ट कैट का होगा विस्तार

नवीन शर्मा ट्रांसपोर्ट कैट के प्रदेश अध्यक्ष बनाये गये हैं। कैट के राजधानी स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित अहम बैठक में आगामी दो वर्षों के लिए प्रदेश कैट ट्रांसपोर्ट का गठन किया गया।

कैट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी को नई प्रदेश कैट ट्रांसपोर्ट गठन के लिए अधिकृत किया गया। श्री पारवानी के मार्गदर्शन में बैठक प्रारंभ हुई, जिसमें कैट के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने नवीन शर्मा के नाम का प्रस्ताव प्रदेश अध्यक्ष कैट ट्रांसपोर्टर पद के लिए प्रस्तुत किया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने इस प्रस्ताव का सर्वसम्मति से समर्थन करते हुए नवीन शर्मा को कैट ट्रांसपोर्ट का प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित किया।

यह निर्वाचन कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद चांदनी चौक, नई दिल्ली प्रवीण खंडेलवाल की अनुशंसा पर की गयी।

कैट ट्रांसपोर्ट के प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश अध्यक्ष नवीन शर्मा, प्रदेश महामंत्री अमरीक सिंह चहल, कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी राकेश अग्रवाल को दी गयी है।

बैठक में कैट के पदाधिकारी के रूप में अमर पारवानी, जितेन्द्र दोशी, परमानंद जैन, सुरिदर सिंह, अजय अग्रवाल, भरत जैन, अवनीत सिंह, नवीन शर्मा, अमरीक सिंह चहल, राकेश अग्रवाल, बलजिंदर सिंह ज्ञानी, जगतार सिंह, जगदीप सिंह एवं राजेश शर्मा उपस्थित रहे।

# नाले के ऊपर दुकानें, पंडरी में पाटा तोड़कर कराई सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जोन 2 कमिश्नर को दुकानों का दस्तावेज जांचने हिदायत
- खालाबाड़ा गुढ़ियारी का नाला सफाई निगम का छूटा पसीना

बारिश पूर्व शहर के बड़े नालों की सफाई कराने में निगम प्रशासन का पसीना छूटने लगा है। गुढ़ियारी के भारत माता चौक केनाल लिंक रोड के नाला सफाई के दौरान गद्दे और तकिया निकल रहे हैं। वहीं शहीद हेमूकालाणी वार्ड देवेंद्र नगर सेक्टर 2 के नाले में मकान का मलबा गिरने से नाला जाम हो गया है।

नाला के ऊपर 2 दुकानें बन गयी हैं, जिसके कारण नाला सफाई बाधित हो रही है। जोन 2 अध्यक्ष सूर्यकांत राठौर ने नाले के ऊपर निर्मित दो दुकानों के संचालकों को तत्काल नोटिस जारी करने जोन कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे को निर्देश दिए। इधर पंडरी के पुराना बसस्टैंड मुख्य मार्ग की नाली पर बनाये गये पाटों को मशीन से तोड़ा गया।




शहर के नाले में डिस्पोजल गिलास, थर्माकोल और प्लास्टिक पन्नी मिलना आम बात है, पर नाले की सफाई में गद्दे -तकिए मिलने लगें, तो हैरान होना स्वाभाविक है। नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर गुढ़ियारी के भारतमाता चौक के समीप कैनाल लिंकिंग रोड नाले की सफाई करवाने पहुंचे। वहां ये देखकर हैरान रह गये कि नाले में प्लास्टिक पन्नी के साथ लोगों ने पुराने गद्दे और तकिये तक फेंक दिये हैं, जिससे नाला जाम हो गया है। माह में चौथी बार जेट मशीन बुलाकर मुहाना खुलवाकर नाले की सफाई करायी गयी। सभापति ने बारिश पूर्व कृष्णानगर नाले की सफाई कराने जोन कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे, कार्यपालन अभियंता पीडी धृतलहरे और जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया को निर्देश दिए।

### नाली पर बने पाटा को मशीन से तोड़कर कराई सफाई

पंडरी के पुराना बसस्टैंड मुख्य मार्ग की नाली पर पाटा बनाने से नाली सफाई प्रभावित हो रही थी, शनिवार को पोकलेन मशीन से पाटा तोड़कर नाली की सफाई करायी गयी। दुर्गानगर में सभापति सूर्यकांत राठौर ने निगम के बारह मासी बोर पर पट्टा क्रय करने वाले व्यवसायी द्वारा अवैध कब्जा करने की शिकायत पर जोन कमिश्नर को बोर को कब्जा मुक्त कराने निर्देश दिए, ताकि दुर्गा नगर के रहवासियों को पीने का पानी आसानी से उपलब्ध हो सके। नाला सफाई कार्य के प्रत्यक्ष निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद कृतिका जैन सहित जोन 2 के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही द्वारा जन शिकायत पर अटलपथ एक्सप्रेस वे मुख्य मार्ग के नाला की सफाई कराकर कचरा बाहर निकालने टीम जुटी। नगर निगम जोन 4 अमले ने सिविल लाइन क्षेत्र में दुर्गा मंदिर के पास छत पर फ्रेम से बाहर लटक रही बंद व अनुपयोगी पानी टंकी को जन सुरक्षा की दृष्टि से हटाने की कार्यवाही की।

### नमी ने बढ़ाई मुसीबत, तापमान 39 डिग्री से नीचे, मगर उमस की परेशानी हुई दोगुनी



**रायपुर।** बंगाल की खाड़ी से हवा के साथ आने वाली नमी ने प्रदेश में उमस वाली बेचैनी बढ़ा दी है। राजधानी का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस में सिमट गया है, मगर चिपचिपाहट वाली गर्मी ने परेशानी को दोगुना कर दिया है। नमी का प्रभाव दिन में अधिक है, इसलिए रात की तुलना में दिन में ज्यादा बेचैनी महसूस हो रही है।

शनिवार को छाए बादलों की वजह से शहर में तेज धूप का प्रभाव नहीं रहा, मगर हवा के प्रभाव से चिपचिपाहट का अनुभव होता रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों का कहना है कि अगले तीन से चार दिनों तक मौसम में बदलाव होने की उम्मीद नहीं है, क्योंकि हवा की दिशा बदलने के चांस नहीं हैं। मौसम को प्रभावित करने वाले सिस्टम अपनी जगह पर बने हुए हैं, जिसके कमजोर होने में अभी वक्त लगने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### कक्षा बारहवीं में महवीज को मिला 87 प्रतिशत



**बागबाहरा।** अवराडबरी से जनाब सैयद रियाज अली की बेटी महवीज नाज़ ने कार्मेल कान्वेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल बागबाहरा से शिक्षा प्राप्त करते हुए सीबीएसई कक्षा 12वीं साइंस (बायोलॉजी) में 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नाम रोशन किया है, जिससे परिवार में खुशियों का माहौल है। छात्रा की उपलब्धि पर मुस्लिम जमात बागबाहरा ने हर्ष जताया है।

### लंबर में निकाली गई तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के नारों से गूंजा

**सरायपाली।** ग्राम पंचायत लंबर में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर वीर जवानों के शौर्य एवं पराक्रम को नमन करते हुए तथा भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने एवं देशवासियों में देशभक्ति की भावना को जागृत करने के लिए एक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत लंबर के सभी पदाधिकारीगण एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा का शुभारंभ ग्राम पंचायत की सरपंच मदन लाल चौरसिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा के दौरान देशभक्ति से ओत-प्रोत नारे और गीतों की गूंज में समूचे ग्राम को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। यात्रा के पश्चात समापन समारोह में ग्राम पंचायत लंबर के सचिव कलाराम कश्यप ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी साझा की और भारतीय सेना के वीरता की सराहना की। इसके अलावा पत्रकार सत्तार अली द्वारा भारतीय सेना के शौर्य एवं पाकिस्तान की पराजय के बारे में जानकारी देकर उपस्थितजनों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों को ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा मिठाई का वितरण कर सभी लोगों का मुंह मीठा कराया गया। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## वृद्धजनों के लिए दो घड़ी सत्संग का आयोजन..





**महासमुंद।** शहर के तुमगांव रोड स्थित बेलदार पारा की अशोक सुंदरी मानस मंडली द्वारा वृद्धजनों के लिए दो घड़ी सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें भगवान राम की लीला, केंवट प्रसंग का वाचन कर बुजुर्गों के साथ कुछ समय बिताया। मानस मंडली ने बुजुर्गों को अपने जीवन में प्रभु राम का नाम लेने, केंवट द्वारा भगवान राम को गंगा पार का भजन कीर्तन कर उनका दुख सांझा किया। टीकाकार पदमनी साहू, गुलापा वैष्णव, कुमारी साहू, पूजा साहू, सीमा यादव, नीतू साहू, उषा गौतम, आशा सोनी, अनुसुइया श्रीवास्तव की टीम द्वारा सभी बुजुर्गों का मुंह मीठा कराया गया। बाद भगवान राम की आरती कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर कर्मा जागृति महिला मंडल द्वारा सभी बुजुर्ग माताओं को नाइटी प्रदाय किया गया। साथ ही नाश्ता की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर कर्मा जागृति महिला मंडल के हेमलता साव, सावित्री साहू, विमला साहू, पदमिनी साहू, निर्मला साहू आदि मौजूद रहे।

### शिविर : राज्यभर से चयनित 41 गाइड कैप्टन व 23 रेजर लीडर शामिल हुए

# सात दिवसीय हिमालय वुड बैज लीडर प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

भारत स्काउटस गाइडस छत्तीसगढ़ द्वारा 12 मई से 18 मई तक आयोजित सात दिवसीय हिमालय वुड बैज गाइड विभाग लीडर ट्रेनर प्रशिक्षण शिविर आधार शिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल कोनी बिलासपुर में हुआ।

राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के प्रयास से राष्ट्रीय प्रशिक्षण कैंप पचमढ़ी में होने वाली प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित हुई। स्काउटिंग गाइडिंग का अहम पड़ाव हिमालय वुड बैंज में महासमुंद जिले से गाइड कैप्टिन पुरी हरपाल बागबाहरा, विलास बाघ सराईपाली, चंद्रिका साहू व महेश्वरी लाऊत्रे पिथौरा से इस प्रशिक्षण में सफलतापूर्वक भाग लिया। इस शिविर में राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित 41 गाइड कैप्टन व 23 रेजर लीडर भाग लिए, जिसमें आठ जिले के डीओसी गाइड एवं एक जिला सचिव भी इस प्रशिक्षण में अपना कोर्स पूरा किए, जहां उन्हं शिविर दिनचर्या अनुसार जागरण, बीपी सिक्स सत्र कार्य में गाइडर के आदेश, बाएं हाथ मिलाना, विभिन्न प्रकार के गांठे, लेसिंग, प्रार्थना, चिन्ह, सैल्यूट, नियम प्रतिज्ञा, एपीआरओ भाग 2 के अनुसार स्काउटिंग जीवन कला के साथ ही प्रैक्टिकल के माध्यम से विभिन्न प्रकार की गांठे के साथ तंबू बनाना, गजट बनाना, बिना बर्तन भोजन बनाना, अनुमान लगाना, माइक्रो टीचिंग, प्राथमिक सहायता लॉग बुक बनाना, प्रधानमंत्री शील्ड प्रतियोगिता की जानकारी, नक्शा व निशान के आधार पर गंतव्य तक पहुंचना, संध्याकालीन सत्र में कैंप फायर, आदि कार्यो का लिखित एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण हुई। राज्य और अन्य राज्यों से आए लीडर ट्रेनर, सहायक प्रशिक्षक एवं रेंजर विभाग की लीडर ऑफ कोर्स राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) सरिता पांडेय और गाइड विभाग की लीडर ऑफ कोर्स जेरमिना एक्का, अनिता तिग्गा, पुनिता केवी एस दिल्ली, भावना सिंग आगरा उत्तरप्रदेश, राधिका त्रिवेणी हैदराबाद आंध्रप्रदेश, लक्ष्मी नायक, रोहणी ठाकुर ने सक्रिय भागीदारी निभाकर शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## बीएससी द्वितीय सेमेस्टर रसायनशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 23 एवं 24 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के आदेशानुसार शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे के मार्गदर्शन में शिक्षा सत्र 2024-25 बीएससी (डीएससी) एवं बीए (जीई) द्वितीय सेमेस्टर नियमित एवं स्वाध्यायी छात्र-छात्राओं के लिए रसायनशास्त्र डीएससी/जीई की प्रायोगिक परीक्षा समय सारणी जारी की गई है। जिसमें 23 मई 2025 को प्रातः 08 बजे से अपराह्न 01 बजे तक सी 1 बैच रोल नंबर 2535173003 से 2535173226 तक। 23 मई 2025 सी 2 बैच अपराह्न 12 बजे से शाम 05 बजे रोल नंबर 2535173228 से 2535173425 तक। 24 मई 2025 प्रातः 08 बजे से अपराह्न 01:00 बजे सी 3 बैच बीएससी डीएससी रोल नंबर 2535173426 से 2535173560 तक एवं जीई (बीए विद्यार्थी) रोल नंबर 2535170017, 2535170685, 2535170727 तक। प्रायोगिक फाइल के साथ सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य है। विद्यार्थी आधा घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। यह जानकारी रसायनशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रदीप कन्हेर ने दी है।



## बड़गांव में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

ग्राम पंचायत बड़गांव में ऐतिहासिक और गर्वमयी तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व ग्राम पंचायत की सरपंच नंदनी जवाहर ध्रुव ने किया। सरपंच नंदनी ध्रुव ने कहा कि यह यात्रा ऑपरेशन सिंदूर के प्रति अपने सम्मान और समर्थन को प्रकट करना है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि पूरा देश भारतीय सेना के साथ खड़ा है और राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के लिए हर नागरिक सदैव तत्पर है। तिरंगा यात्रा देशभक्ति और कर्तव्य भावना का प्रतीक है। यात्रा भ्रमण के दौरान पुरानी बस्ती से लेकर बाजार चौक में भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। जिसमें सरपंच नंदनी जवाहर ध्रुव, उपसरपंच टिकेश्वरी चक्रधारी, सीमा निषाद, ललित निषाद, उमेश्वरी चक्रधारी, ललिता निषाद, लोकेश्वरी निर्मलकर, किरण यादव, दशोदा पटेल, केशरी निषाद, लीलाबती निषाद, राजकुमारी निषाद, दुर्गा निषाद, अंजना यादव, मीना निषाद आदि ग्रामवासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।







### तिरंगा यात्रा में शामिल हुए जनपद सदस्य

**नर्रा।** ग्राम पंचायत परसूली में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आंतकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों की मौत के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान को कड़ी सबक सिखाई। भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए ग्राम पंचायतों व गांवों में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान जनपद सदस्य लोचन पटेल, सरपंच जलसिंह चक्रधारी, पंच सोनकुंवर चक्रधारी, कैलाश पटेल, हरक पांडे, पूर्व उपसरपंच भोजराम, परमेश्वर पटेल, राजेंद्र चक्रधारी, भाजपा नेता देवेंद्र चक्रधारी, सचिव सुनीता सोनवानी, रोजगार सहायक हेमकुमार सिन्हा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता खगेश्वरी कुर्रे और ईश्वरी ठाकुर, मितानिन ऐशन पटेल समेत ग्रामीणजन शामिल हुए।

### करंट से दो मवेशियों की हुई मौत

**नगरी।** नगरी विकासखण्ड में आए दिन आंधी तूफान में पेड़ गिरने से बिजली खंभे टूट रहे हैं, कई जगह तार गिर रहे हैं। बीते गुरुवार को आंधी तूफान के चलते फ़रसियां में बिजली के पोल गिर गए थे। वार्ड क्रमांक 4 में प्रदीप सोन के घर के पीछे शनिवार रात्रि में चार दिन से सड़क में गिरे बिजली खंभे के तार के संपर्क में आने से दो मवेशियों की मौत हो गई। सरपंच ने बताया कि जानकारी देने के बाद विद्युत विभाग द्वारा गली कलेक्शन नहीं काटा गया। आंधी तूफान में कई विशाल वृक्ष, बिजली खंबा धराशायी हो गए। ग्रामीणों ने सड़क में खंभा गिरने और आवागमन बाधित होने की सूचना विद्युत विभाग को दी थी, पर विभाग के कर्मचारियों ने लापरवाही बरतते हुए गिरे हुए खंभे से विद्युत प्रवाह बंद नहीं किया। बिजली की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत हो गई। मवेशी मलिक शिव यादव ने शासन- प्रशासन मुआवजे की मांग की है। वहीं विद्युत विभाग के अधिकारी ने कहा कि पीएम रिपोर्ट के अनुसार पता चलेगा कि मवेशियों की मौत करंट से हुई है नहीं। करंट से मौत होने पर उच्च अधिकारी को प्रकरण भेज दिया जायेगा और उसे मुआवजा दिया जाएगा।

## कौंवाझर में हुई सतनामी समाज की बैठक, देवराज बने ग्राम कमेटी अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज तुमगांव परिक्षेत्र के अध्यक्ष वेदराम गिलहरे के आह्वान पर ब्लाक सचिव गणेश टंडन की अध्यक्षता एवं खोसिल गेंड्रे जिला उपाध्यक्ष की आतिथ्य में ग्राम कौंवाझर में समाजनों को एकत्रित कर बैठक का विधिवत शुभारंभ बाबा गुरु घासीदास के चरणों में पूजन वंदन के साथ हुआ।

जिसमें ब्लाक सचिव गणेश टंडन ने प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज प्रदेश से लेकर जिला, ब्लॉक एवं परिक्षेत्र तक समाज के लिए रीति नीति, रोजगार, शिक्षा पर कार्य कर रहे संगठानात्मक कार्यो का विवेचना करते हुए ग्राम कमेटी के निर्माण एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। जिसमें उन्होंने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यूथ दिनेश बंजारे के विचारों को प्रेरणास्पद बताते हुए विचार रखा। साथ ही समाजजनों से अनुमति लेकर ग्राम कमेटी गठन की प्रक्रिया प्रारंभ किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से संरक्षक गेंदलाल जांगडे सरपंच, अध्यक्ष देवराज बंजारे, उपाध्यक्ष रामनाथ ढीढी, सचिव भागीरथी घृतलहरे, सहसचिव राहुल ढीढी, कोषाध्यक्ष राकेश बंजारे, प्रवक्ता शैलेष कुर्रे, मीडिया प्रभारी चेनसिंग परमार, कार्यकारिणी सदस्य जीतराम जोशी, राजु भारती, संतलाल बंजारे, प्रमोद कुर्रे, दिलीप जांगडे, संतलाल ढीढी, द्वारिका बंधे, सेवादार सलाहकार रामेश्वर मारकंडे का मनोनयन किया गया। बैठक को शैलेष कुर्रे सहसचिव, वेदराम गिलहरे, अध्यक्ष तुमगांव परिक्षेत्र व फनेंद्र बंजारे अध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ ने संबोधित किया। अतिथि उद्बोधन में खोसिल गेंड्रे ने नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को संगठन के बायलॉज से अवगत कराया। ग्राम पंचायत सरपंच गेंदलाल जांगडे ने नवगठित कमेटी को सदैव समाज हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। बाद ग्राम के समाजजनों के साथ जैतखाम पर मंगल आरती व प्रसादी वितरण किया गया। बैठक में संतराम तुमगांव, रमेंद्र गिलहरे, दिलीप जांगडे, यादराम, प्रमोद, जीवन कुर्रे, बिसेलाल, शुभम टंडन, गीतेश ढीढी, डिगेश जोशी, सनत टंडन आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी अजय मालवीय मीडिया प्रभारी ने दी है।



### सहकारी कर्मचारी 19 को रायपुर में देंगे धरना

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर के बेनर तले लंबित तीन सूत्रीय मांगों के संबंध में 19 मई सोमवार को धरना स्थल तूता नया रायपुर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन रैली में जिले के समिति के कर्मचारीगण शामिल होंगे। उक्त कार्य दिवस में समिति का कार्य संचालन बंद रहेगा। उक्त जानकारी जिला उपाध्यक्ष कौशल साहू ने दी।




## समर कैंप के पांचवें दिन बच्चों ने छत्तीसगढ़ी लोकगीत व लोकनृत्य का किया अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला झिलमिला में आयोजित समर कैंप में गतिविधियों का जायजा नगर पालिका उपाध्यक्ष हेमंत कुमार प्रधान द्वारा लिया गया और बच्चों को खुश देख अपनी खुशी जाहिर किया गया। उन्होंने स्कूली जीवन में समर कैंप की विशिष्ट गतिविधियों के महत्व को बताते हुए विद्यार्थियों से रूबरू होते हुए आवश्यक मार्गदर्शन किया। समर कैंप के पंचम दिवस में बच्चों ने छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य एवं लोकगीत का अभ्यास करते हुए खूब आनंद लिया। वहीं एफएलएन अंतर्गत जंगल में मेला को रोल प्ले के माध्यम से बच्चों को अभिव्यक्ति के अवसर दिया गया। कविता के माध्यम से गिनती की सहजता से सीख दी गई एवं कविता से छोटे-छोटे वाक्य बनाने का अभ्यास कराया गया। वहीं ओरिगेमी के द्वारा खेल-खेल में टोपी आदि बनाना सीखाया गया। आनंदपूर्ण माहौल में विद्यार्थियों ने मन लगाकर खूब अभ्यास कर इसका बखूबी प्रदर्शन भी किया। समर कैंप में प्रभारी प्रधान पाठक सोमदेव तिवारी, प्रशिक्षक शैलेंद्र कुमार नायक, कमल लोचन पटेल, शीला विश्वास, वर्षा नंद, भरतलाल बारिक एवं पूनम नाग, एसएमसी अध्यक्ष परीक्षित बारीक सहित स्कूल के समस्त स्टॉफ एवं पालकों का सहयोग प्राप्त हुआ।






पाठक सूचना

झलप एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें

संवाददाता : डिम्पल सिंह सलूजा झलप

सलूजा न्यूज एजेंसी

पता : सलूजा मोबाईल, झलप

मो. 9977000794